देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 179 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**मंत्री का शर्मसार होना



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 17 अक्टूबर 2020



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 21.0°

37244.59

2 ओली और प्रचंड ने ली चीन से दलाली ?

7 कार्तिक ने छोड़ी केकेआर की कप्तानी

## संक्षिप्त समाचार

### विभिन्न पेयजल योजनाओं के लिये मुख्यमंत्री ने स्वीकृत की 4.65 करोड़ की धनराशि

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने विधानसभा क्षेत्र डोईवाला के नगर निगम वार्ड संख्या– 68 एवं 99 के अन्तर्गत विभिन्न मोहल्लों में पेयजल लाइन बिछाने हेतु अवशेष 03 करोड़ 65 लाख 49 हजार की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा डांडा लखौण्ड एवं तरला नागल क्षेत्र की पेयजल योजनाओं के लिये भी एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। स्वीकृत धनराशि से नगर निगम क्षेत्र में शामिल हुए इन क्षेत्रों की पेयजल समस्या का समाधान होगा।

### त्यूनी में बन रहे 100 बेड के अस्पताल के लिये 7 करोड़ की धनराशि स्वीकृत

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने जनपद देहरादून के दूरस्थ क्षेत्र त्यूनी में 100 शैय्यायुक्त हॉस्पिटल के निर्माण के लिये 07 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। त्यूनी में इस अस्पताल के निर्माण के बाद क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान अल्मोड़ा की एप्रोच रोड तथा मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय के अन्य निर्माण कार्यों हेतु 1.89 करोड़ धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### बडगाम मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर, एक जिंदा आतंकी गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के बडगाम में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए एक जिंदा आतंकी को एक47 रायफल के साथ गिरफ्तार किया है। जम्मू– कश्मीर में आतंकी अपने नापाक इरादे से बाज नहीं आ रहे हैं। जम्मू–कश्मीर पुलिस ने बताया कि बडगाम के चडूरा इलाके में मुठभेड़ शुरू हुई थी। बडगाम मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने एक आतंकी को मार गिराया, पुलिस और सुरक्षा बल कार्रवाई कर रहे हैं।

# अधिक सतर्कता बरतने का समय

## सीएम ने ली कोविड की रोकथाम एवं बचाव कार्यो को लेकर अधिकारियों की बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सचिवालय में कोविड की रोकथाम एवं बचाव कार्यों की बैठक लेते हुए अधिकारियों का निर्देश दिये कि कोविड–19 पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जन जागरूकता अभियान में और तेजी लाई जाय। प्रदेश में हर घरों के दरवाजों, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों, कार्यालयों, वाहनों में कोविड से जागरूकता हेतु स्टीकर लगाये जाय। इसके लिए जन प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं एनजीओ से सहयोग लिया जाय। प्रदेश में पर्यटन की गतिविधियों में तेजी आई है एवं त्योहारों का सीजन भी शुरू होने वाला है। इसके दृष्टिगत मास्क के उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग एवं स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाईन के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुचारु रखी जाय। इसके लिए बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया

### मुख्यमंत्री ने कोरोना जॉच परिणाम के लिए ऑनलाईन पोर्टल का शुभारम्भ किया

जाय। कोविड से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करना उद्देश्य होना चाहिए। जिन लोगों के मास्क के उपयोग न करने पर चालान किये जा रहे हैं, उन्हें मास्क जरूर उपलब्ध कराये जाय। सीनियर डॉक्टर कोविड के मरीजों को दिन में कितनी बार चेकअप कर रहे हैं, इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाय।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कोरोना जॉच परिणाम के लिए ऑनलाईन पोर्टल का शुभारम्भ किया। टेस्ट कराने वाले व्यक्ति को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, विभाग, उत्तराखण्ड के कोविड मैनेजमेंट पोर्टल http://covid19-uk-gov-in पर जाकर टेस्ट के



समय प्राप्त SRFID एवं रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर जांच रिपोर्ट प्राप्त हो जायेगी। यह पोर्टल उत्तराखण्ड एनआईसी द्वारा बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना पर नियंत्रण हुआ है, लेकिन यह समय और अधिक सतर्कता बरतने का है। विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं स्वास्थ्य विभाग की गाइड लाइन के अनुसार सभी मानकों का पालन सुनिश्चित हो। त्योहारों के सीजन में पुलिस की भूमिका और अधिक बढ़ जायेगी। इसके लिए पुलिस फोर्स, होमगार्ड, पीआरडी आदि की समुचित व्यवस्था की जाय। पर्यटक स्थलों पर भी फोर्स की पर्याप्त संख्या हो।

सचिव स्वास्थ्य अमित नेगी ने कहा कि जिलों में कोविड कन्ट्रोल रूम मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान दिया जाय। लोगों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित जो भी कॉल प्राप्त हो रही हैं, उनका शीघ्र समाधान किया जाय। होम आइसोलेशन में रह रहे लोगों को स्वास्थ्य किट शीघ्र उपलब्ध हो।

### ट्रू-नॉट टेस्टिंग बढ़ाई जाय

मुख्य सचिव ओम प्रकाश ने कहा कि जन जागरूकता एवं संवेदनशील प्रशासन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। हमने अभी तक जो प्रयास किये हैं, उनमें क्या सुधार की आवश्यकता है, किन मामलों में शिकायतें आयी हैं, इसके समाधान के लिए हमारे द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं, इसका पूरा विश्लेषण कर कार्य करना जरूरी है। आयुष विभाग द्वारा प्री कोविड एवं पोस्ट कोविड के लिए जो आयुष किट एवं अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं, वह लोगों तक पर्याप्त मात्रा में पहुंचे और इसका प्रसार भी अधिक हो। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि अगर कोई मामला ऐसा आता है कि अनाधिकृत डॉक्टरों द्वारा मरीजों को दवा दी जा रही है, तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाय।

# लड़कियों की शादी की सही उम्र पर कार्रवाई करेगी सरकार

## एफएओ की वर्षगांठ पर पीएम मोदी ने जारी किया 75 रुपये का स्मृति सिक्का

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आज खाद्य एवं कृषि संगठन की 75वीं वर्षगांठ है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुबह 11 बजे 75 रुपये का स्मृति सिक्का जारी किया। इसके साथ ही पीएम मोदी ने हाल ही में विकसित की गई 8 फसलों की 17 जैव संवर्धित किस्मों को भी राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान पीएम ने सभी को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कई विषयों पर अपनी बात रखी।

**वर्ल्ड फूड डे पर पीएम मोदी ने दी बधाई:** वर्ल्ड फूड डे के अवसर पर पीएम मोदी ने कहा, मैं सभी को बहुत–बहुत शुभकामनाएं देता हूं। दुनियाभर में जो लोग कुपोषण को दूर करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं, मैं उन्हें भी बधाई देता हूं।

### लड़कियों की शादी की सही उम्र पर बोले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बेटियों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों का ग्रॉस एनरॉलमेंट अनुपात बेटों से भी ज्यादा हो गया है। ऐसे में उन्होंने सभी बेटियों को आश्वासन देते हुए कहा कि बहुत ही जल्द रिपोर्ट आते ही लड़कियों की शादी की सही उम्र पर सरकार कार्रवाई करेगी। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से देश के नाम अपने संबोधन में यह बदलाव लाने की बात कही थी।

**भारत में अनाज की बर्बादी हमेशा से बहुत बड़ी समस्या रही है:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में अनाज की बर्बादी हमेशा से बहुत बड़ी समस्या रही है। अब जब Essential Commodities Act में संशोधन किया गया है, इससे स्थितियां बदलेंगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि छोटे किसानों को ताकत देने के लिए, Farmer Producer Organization यानि FPOs का एक बड़ा नेटवर्क देश में तैयार किया जा रहा है। किसानों के हित में बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि किसानों को लागत का डेढ़ गुणा दाम MSP के रूप में मिले, इसके लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। MSP और सरकारी खरीद, देश की फूड सिक्योरिटी का अहम हिस्सा हैं। इसलिए इनका जारी रहना स्वाभाविक है। पीएम ने कहा कि इन सभी के प्रयासों से ही भारत कोरोना के इस संकटकाल में भी कुपोषण के खिलाफ मजबूत लड़ाई लड़ रहा है।

# हमारे नेताओं का नाम लेकर भ्रम न पैदा करें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए दूसरे और तीसरे चरण का नामांकन जारी है। इस बीच बिहार में भाजपा नेताओं के लिए लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष चिराग पासवान अब सरदर्द होते जा रहे हैं। इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख चिराग पासवान पर हमला बोला है। प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि लोजपा के चिराग पासवान बिहार चुनाव में भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी टिप्पणी भ्रामक है, इसका उन्हें कोई फायदा नहीं होगा।

मोदी सरकार के मंत्री जावड़ेकर ने कहा कि मैं स्पष्ट करना चाहता है कि एलजेपी बिहार में बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व का नाम लेकर वोटरों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। जबकि बिहार में भाजपा का लोजपा से कोई संबंध नहीं है। बिहार में हमारा गठबंधन जेडीयू और हम के साथ है। बिहार चुनाव में तीन–चौथाई बहुमत से हमारा गठबंधन जीतेगा।

### अटैक

■बीजेपी का चिराग पासवान पर सीधा अटैक

उन्होंने कहा कि लोजपा वोट कटुआ (दूसरों के वोट खाने) से ज्यादा कुछ नहीं है और यह बिहार चुनाव में ज्यादा प्रभाव नहीं डाल पाएगी। बिहार बीजेपी प्रभारी भूपेंद्र यादव ने कहा कि चिराग पासवान ने छव। और नीतीश कुमार पर जो बयान दिया वो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण हैं। इसी गठबंधन में रहकर वे लोकसभा चुनाव लड़े और सांसद बने। फरवरी में दिल्ली में वे बिहार सरकार की तारीफों के पुल बांध रहे थे। अचानक 6 महीने में क्या हो गया? अब निजी स्वार्थ में झूठ की राजनीति कर रहे हैं।

यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नाम के इस्तेमाल पर चिराग पासवान भ्रम पैदा करना चाहते हैं। बिहार चुनाव में एनडीए में BJP,JDU,VIP,HAM' गठबंधन में हैं। LJP से न हमारा गठबंधन है, न ही बिहार चुनाव में वो NDA का हिस्सा हैं।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# न्यूनतम आयु क्यों बदलना चाहती है सरकार ?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लड़कियों की न्यूनतम उम्र सीमा में बदलाव करने के लिए पीछे उद्देश्य मातृ मृत्युदर में कमी लाना है। माना जा रहा है कि सरकार की इस कवायद के पीछ सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला भी हो सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वैवाहिक बलात्कार से बेटियों को बचाने के लिए बाल विवाह पूरी

### बेटियों का ग्रॉस एनरॉलमेंट अनुपात बेटों से भी ज्यादा

तरह से अवैध माना जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने विवाह के लिए न्यूनतम उम्र के बारे में फैसला लेने का काम सरकार पर छोड़ दिया था। एक अधिकारी के मुताबिक, शादी के लिए लड़की और लड़के की न्यूनतम उम्र को एकसमान होना चाहिए। अगर मां बनने की कानूनी उम्र 21 साल तय कर दी जाती है तो महिला की बच्चे पैदा करने की क्षमता वाले सालों की संख्या अपने आप घट जाएगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले बजट भाषण में कहा था कि महिला के मां बनने की सही उम्र के बारे में सलाह देने के लिए एक टास्क फोर्स बनाई जाएगी। वित्त मंत्री के बाद पीएम ने भी टास्क फोर्स की रिपोर्ट के बाद बेटियों की शादी की न्यूनतम उम्र पर पुनर्विचार की बात कही थी।